प्रश्न-अभ्यास

पाठ से—

प्रश्न 1. गाँधीजी ने पत्र के माध्यम से अपने पुत्र को क्या-क्या शिक्षाएँ दी हैं ?

उत्तर—गाँधीजी ने पत्र के माध्यम से अपने पुत्र को शिक्षाएँ दी कि अपने आहार पर पूर्ण ध्यान देना चाहिए। किताबी ज्ञान के साथ-साथ चरित्र निर्माण और कर्त्तव्य बोध अनिवार्य है। अपने कर्त्तव्य का पालन भी करना चाहिए। बारह वर्षों के बाद बच्चों को अपनी जिम्मेवारी और कर्त्तव्य का भान हो जाना चाहिए। मनुष्य के लिए आत्मा और परमात्मा के साथ स्वयं का ज्ञान तथा अक्षर-ज्ञान अनिवार्य है। अमीरी और गरीबी की तुलना में गरीबी में जीना सुखद है। गणित और संस्कृत विषय पर अधिक ध्यान

देना चाहिए। अपने कार्य को नियत समय में करना चाहिए। कुछ समय भजन प्रार्थना में भी देना चाहिए। खर्च का हिसाब रखना चाहिए इत्यादि।

प्रश्न 2. गाँधीजी ने असली शिक्षा किसे माना है ? उल्लेख कीजिए।

उत्तर—गाँधीजी ने असली शिक्षा चरित्र-निर्माण और कर्त्तव्य का बोध करना है।

वस्तुत: किताबी ज्ञान ही मात्र ज्ञान नहीं बल्कि चरित्र-निर्माण और कर्त्तव्य का भान होना है। वास्तविक शिक्षा मनुष्य को समय का दुरुपयोग से बचाता है तथा समाज में सभ्य मनुष्य के रूप में प्रकाशित करता है। चरित्रहीन विद्वान कभी भी सम्मान के योग्य नहीं होते तथा कर्त्तव्य ज्ञान के बिना संसार सागर से पार करना मुश्किल है।

प्रश्न 3. गाँधीजी के पत्र के माध्यम से किन तीन बातों को महत्वपूर्ण माना गया है ?

उत्तर—गाँधीजी के पत्र के माध्यम से निम्नलिखित बातों को महत्वपूर्ण माना गया है।

(i) अपने आहार पर पूर्ण ध्यान देना।

(ii) अपने जिम्मेवारी को हर्षपूर्वक संभालना।

(iii) शब्द ज्ञान के अतिरिक्त आत्मा स्वयं एवं ईश्वर का ज्ञान प्राप्त करना।

(iv) गरीबी में जीना अमीरी में जीने से सुखद है।

(v) कृषि कार्य भी करना चाहिए।

(vi) गणित-संस्कृत और संगीत विषयों में अधिक अभिरुचि रखना।

(vii) खर्च का हिसाब सही ढंग से रखना।

(viii) अपना कार्य नियमपूर्वक और नियत समय पर करना।

(ix) ईश्वर की प्रार्थना एवं भजन करना।

प्रश्न 4. "बा" उपनाम से किन्हें जाना जाता है ?

उत्तर—गाँधीजी की पत्नी कस्तुरबा गाँधी "बा" उपनाम से जानी जाती थी।

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के चार-चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प के सामने (√) सही का निशान लगाइए—

(क) गाँधीजी ने अपने जिस पुत्र को पत्र लिखा उसका नाम था—

(i) देवदास गाँधी (ii) मणिलाल गाँधी

(iii) मोहनदास (iv) रामदास गाँधी

(ख) गाँधीजी ने यह पत्र कहाँ से लिखा था ?

(i) पटना जेल से (ii) लखनऊ जेल से

(iii) तिहार जेल से (iv) प्रिटोरिया जेल से

(ग) गाँधीजी ने यह पत्र कब लिखा ?

(i) 25 मार्च, 1919 (ii) 25 मार्च, 1900

(iii) 25 मार्च, 1909 (iv) 25 मार्च, 1929

उत्तर—(क) (ii), (ख) (iv), (ग) (iii)।

पाठ से आगे—

प्रश्न 1. आप अपने पिताजी को गाँव/शहर की जीवन शैली के सम्बन्ध में एक पत्र लिखिए।

उत्तर—पूज्यवर पिताजी !

चरण कमलों में प्रणाम।

मैं कुशलपूर्वक हूँ आशा करता हूँ कि आप भी सपरिवार कुशल होंगे।

मैं अभी कुछ दिनों से बम्बई शहर में हूँ। शहर के लोगों की जीवन शैली मुझे पसंद नहीं आ रही है। यहाँ के लोगों की जीवन शैली आकर्षक तो खूब है लेकिन पारस्परिक प्रेम और स्नेह से लोग वंचित है। केवल अपने को संभालकर किसी भी देश की जनता सम्पन्न राष्ट्र की कल्पना नहीं सोच सकता है। यहाँ के लोग स्वास्थ्य पर ध्यान बिल्कुल नहीं देते। कार्य की अधिकता तो अच्छी बात है लेकिन कार्य को नियंत समय पर ही करना स्वास्थ्य के लिए उत्तम है जो यहाँ के लोगों में अभाव है।

यहाँ के लोग अमोद-प्रमोद प्रिय हैं जो जीवन के कुछ ही वर्ष के लिए अनिवार्य है। प्राय: विद्यार्थी जीवन में सुख-सुविधा और आजादी जीवन को परेशानी में डाल देती है। लेकिन यहाँ की छात्र जीवन भी अमोद-प्रमोद युक्त दिखलाई पड़ते हैं जो जीवन-निर्माण में जटिलता लाता है।

यहाँ के अमीर और गरीब लोगों की जीवन-शैली में अत्यन्त फर्क दिखता है जबकि ग्राम्य जीवन-शैली में फर्क कम दिखता है।

आप मेरे पत्र को पढ़कर शहरी जीवन-शैली पर विशेष रूप से विचार कर अपनी राय पत्र के द्वारा भेजेंगे।

माताजी को प्रणाम तथा छोटे को स्नेह भरा आशीर्वाद।

आपका पुत्र

आकाश झा

प्रश्न 2. आप अपने गाँव के किसान के बारे में लिखिए।

उत्तर—हमारे गाँव मंझौल में प्राय: हरेक वर्ग के किसान हैं। सभी किसानों में प्राय: एकता देखी जाती है। हरेक किसान एक-दूसरे के पूरक दिखाई पड़ते हैं। हमारे गाँव के किसान अत्यन्त परिश्रमी हैं। जबकि हमारे गाँव की भूमि अधिक उपजाऊ नहीं है। कभी अतिवृष्टि तो कभी अनावृष्टि भी किसानों को प्रभावित करती है लेकिन इसके बावजूद हमारे गाँव के किसान अपनी कर्मठता के कारण उन्नत किसान कहलाते हैं। वहाँ के अन्य गाँवों की अपेक्षा हमारे गाँव के किसान अधिक सम्पन्न दिखाई पड़ते हैं।

ये किसान नियमित रूप से उठते हैं जिसके कारण गोपालन का काफी समय उनको प्राप्त हो जाता है। हमारे यहाँ के किसान गोपालन में भी बहुत आगे हैं। विशेषत: किसान पढ़े-लिखे हैं जिसके कारण कृषि का सम्यक् ज्ञान उन्हें प्राप्त होते रहता है।

प्रश्न 3. क्या हमें पत्र लिखना चाहिए ? हाँ तो क्यों ? नहीं तो क्यों ?

उत्तर—हमें पत्र लिखना चाहिए। पत्र सम्बन्ध स्थापित करने का मूर्त उपाय है। इससे लेखन कला की सम्पन्नता के साथ-साथ अपने भाव को व्यापक रूप से प्रकट करने का अवसर मिलता है। पत्र लेखन में पैसे की भी बचत है।

व्याकरण

प्रश्न 1. निम्नलिखित शब्दों को अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

पत्र, शिक्षा, आश्रम, जिम्मेवारी, महत्वपूर्ण, गरीबी, आनन्द, जेल, चेष्टा, सुख।

उत्तर—पत्र = पत्र लिखना चाहिए।

शिक्षा = शिक्षा के बिना मनुष्य पशु समान होता है।

आश्रम = आश्रम में मुनि लोग रहते थे।

जिम्मेवारी = अपनी जिम्मेवारी आप संभालो।

महत्वपूर्ण = महत्वपूर्ण कार्य में उसे बुला लूँगा।

गरीबी = गरीबी में मनुष्य को संयमित रहना चाहिए।

आनन्द = आनन्दपूर्वक अपना कार्य करना चाहिए।

जेल = जेल से छूटकर मैं पढ़ूँगा।

चेष्टा = वह चेष्टापूर्वक कार्य करता है।

सुख = सुख मिलने पर सब सोते हैं।

प्रश्न 2. नीचे लिखे संज्ञाओं के साथ पूर्वक प्रत्यय लगाकर क्रिया-विशेषण बनाइए और उनका अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए।

धैर्य, शांति, संतोष, प्रेम, श्रम।

उत्तर—धैर्य = धैर्यपूर्वक कार्य करना चाहिए।

शांति = शांतिपूर्वक बैठना चाहिए।

संतोष = संतोषपूर्वक रहना चाहिए।

प्रेम = प्रेमपूर्वक यहाँ रहो।

श्रम = श्रमपूर्वक काम से सफलता मिलेगी।

प्रश्न 3. नीचे कुछ भाववाचक संज्ञाएँ दी गयी हैं। इससे विशेषण बनाकर उनका अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

महत्व, निश्चय, उपयोग, सहानुभूति, मानव।

उत्तर—महत्व = महत्वपूर्ण कार्य करना चाहिए।

निश्चय = निश्चयपूर्वक कहता है।

उपयोग = उपयोगी वस्तु दान दो।

सहानुभूति = सहानुभूतिपूर्वक निवास करो।

मानव = मानवीय गुणों को धारण करना चाहिए।

कुछ करने को—

प्रश्न 1. गाँधीजी के जीवन से संबंधित कुछ मुख्य बातों को अपनी कक्षा में सुनाइए।

उत्तर—छात्र स्वयं करें।

प्रश्न 2. अन्य पत्र जो महापुरुषों द्वारा लिखे गए हैं, संकलन कीजिए तथा उसे अपनी कक्षा में प्रदर्शित कर शिक्षकों और मित्रों से चर्चा कीजिए।

उत्तर—छात्र स्वयं करें।